## सार-समाचार

### विद्यार्थियों ने नशा न करने की शपथ ली

**बीकानेर, 12 अगस्त।** नशा मुक्त भारत अभियान की वर्षगांठ पर सोमवार को नशे के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीकानेर का जिला स्तरीय कार्यक्रम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास थे। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति और परिवार के आर्थिक, सामाजिक, शारीरिक और चारित्रिक पतन का मुख्य कारण है। सामूहिक प्रयासों से प्रत्येक व्यक्ति को नशे से दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि बीकानेर को नशा मुक्त बनाने में सरकारी प्रयासों के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं और आमजन की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्याथिर्यों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई और उनसे मन लगाकर पढ़ने का आव्हान किया। विधायक ने कहा कि बच्चे लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें और देश एवं प्रदेश में बीकानेर का नाम रोशन करें। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र शर्मा ने कहा कि जिले के स्कूलों में नशे के विरुद्ध शपथ ग्रहण के कार्यक्रम आयोजित हुए। नो बैग डे पर स्कूलों में प्रत्येक शनिवार को बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पवार ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 15 अगस्त 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान शुरू किया गया। इसकी वर्षगांठ पर देशभर में शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष नशा मुक्ति अभियान 'विकसित भारत का मंत्र, भारत को नशे से स्वतंत्र' थीम पर आयोजित हुआ। विद्यालय की प्राचार्य शारदा पहाड़िया ने आगंतुकों का आभार जताया। इस दौरान विधायक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया ।

### बेटे ने माता-पिता और दादा का फोड़ा सिर

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** यहां के पुरानी आबादी में एक युवक ने नशे के लिए रुपए नहीं देने के कारण अपनी मां, पिता और दादा पर हथौड़े से जानलेवा हमला कर दिया। तीनों को उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। आरोपी वारदात के बाद फरार हो गया। घटनाक्रम के अनुसार पुरानी आबादी में चावला चौक निवासी मोहित सोनी (24) ने दोपहर अपने परिजनों से नशा करने के लिए पैसे मांगे। उन्होंने इसके लिए मना किया तो वह तैश में आ गया और अपने पिता राजेश सोनी, दादा किशनदास सोनी और मां कृष्णा सोनी पर हथौड़े से हमला कर दिया। वारदात के बाद वह फरार हो गया। पड़ोसी सूरज और नरेन्द्र तीनों को लहूलुहान अवस्था में टेंपो में डालकर जिला चिकित्सालय लेकर गए। वहां इमरजेंसी में प्राथमिक उपचार को बाद कृष्णा सोनी को भर्ती कर लिया परन्तु किशनदास सोनी व राजेश सोनी की हालत गंभीर होने के कारण रेफर कर दिया गया। परिजनों ने इन्हें बाहर नहीं ले जाकर सूरतगढ़ रोड स्थित छाबड़ा हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। दोनों के सिर में गंभीर चोटें आना बताया जा रहा है। वारदात की सूचना मिलने पर ड्यूटी ऑफिसर हैड कांस्टेबल अमीचंद घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने इधर-उधर भी मोहित की तलाश की परन्तु उसका कहीं सुराग नहीं लगा। राजेश सोनी के भाई बिहारीलाल सोनी ने अपने भतीजे के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में पुरानी आबादी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

### जिला संगठन महामंत्री होंगे अमित व्यास

**बीकानेर, 12 अगस्त।** विप्र फाउण्डेशन के प्रदेश जोन 1 बी के अध्यक्ष धनसुख सारस्वत ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की स्वीकृति और बीकानेर जोन प्रभारी भंवर पुरोहित के अनुमोदन के बाद किशन कुमार जोशी जिला अध्यक्ष और अमित व्यास को जिला संगठन महामंत्री पद पर आगामी दो वर्षीय संगठनात्मक कायर्योजना के लिए विधिवत मनोनयन किया गया है। जोन 1 बी के प्रदेश संगठन महामंत्री दीपक हर्ष ने बताया कि प्रदेश कार्यकारणी की बैठक के उपरांत संगठन के क्रियाकलपो को आगे बढाने के क्रम मे और समाज के प्रति कर्मठता योग्यता समपर्ण भाव को देखते हुए संगठन की रीति नीति का अनुसरण करते हुए बीकानेर के जिला अध्यक्ष किशन कुमार जोशी और संगठन महामंत्री अमित व्यास की घोषणा की गई । राष्ट्रीय सरंक्षक विधायक ताराचंद सारस्वत (श्री डूँगरगढ़),राष्ट्रीय सरंक्षक मधु आचार्य,ज़ोन प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव भँवर पुरोहित,राष्ट्रीय सरंक्षक दीपक पारीक,राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट मुकेश रामपुरा, सहित विफ़ा परिवार ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए प्रसन्नता जताई।

# हर घर तिरंगा अभियान: घरों, सरकारी कार्यालयों और प्रतिष्ठानों में मंगलवार से फहराएंगे तिरंगा

**बीकानेर,** 12 अगस्त। हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार से गुरुवार तक घरों, सरकारी कार्यालयों सहित प्रतिष्ठानों में तिरंगा झंडा फहराया जाएगा। जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि ने सोमवार को इसकी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत स्तर के सभी कार्यालयों और कार्मिकों द्वारा अपने घरों में तिरंगा फहराया जाए। इस दौरान झंडा संहिता की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तिरंगे के साथ सेल्फी लेते इसे डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट हर घर तिरंगा डॉट कॉम वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। जिला कलक्टर ने कहा कि आमजन में अभियान के प्रति जागरुकता के उद्देश्य से अगले तीन दिनों तक अधिक से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इनमें तिरंगा रैली, तिरंगा यात्रा, कैनवास, शपथ और सेल्फी प्रतियोगिता जैसे आयोजन हो। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा भी की। जिला कलक्टर ने कहा कि प्रत्येक विभाग उन्हें दिए गए कार्य मंगलवार तक पूर्ण कर लें। इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए।

शहरी क्षेत्र के विभिन्न कोचिंग इंस्टीट्यूट्स के प्रतिनिधियों की बैठक सोमवार को जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि कोचिंग इंस्टीट्यूट्स में सभी सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित की जाए।

कोचिंग्स में फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र हो। उन्होंने नगर निगम उपायुक्त को इसकी पालना के लिए निर्देशित किया। कोचिंग्स में पेयजल, प्रोपर निकास, शौचालय जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने बीकेईएसएल को निर्देशित किया कि कोचिंग्स में वायरिंग की जांच करें। कोचिंग्स में नियुक्त गैर शैक्षणिक स्टाफ का वेरिफिकेशन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि कोचिंग्स में काउसंलर नियुक्त किए जाएं तथा यहां अध्ययनरत विद्याथिर्यों की आवश्यकता अनुसार काउंसलिंग की जाए। उन्होंने कहा कि विद्याथिर्यों की मेंटल हैल्थ सबसे जरूरी है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, एडीएम प्रशासन डॉ. दुलीचंद मीना, अतिरिक्त कलक्टर नगर उम्मेद सिंह रतनू, नगर विकास न्यास सचिव मुकेश बाहरठ, निगम उपायुक्त अर्पिता सोनी, उपखण्ड अधिकारी कविता गोदारा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि ने हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली

# पैरा ओलंपिक में भाग लेने पेरिस रवाना हुए बीकानेर के श्याम सुंदर

- केंद्रीय मंत्री मेघवाल और संभागीय आयुक्त सिंघवी ने दी शुभकामनाएं

**बीकानेर, 12 अगस्त।** बीकानेर के युवा तीरंदाज श्याम सुंदर स्वामी पेरिस में आयोजित होने वाले पैरा ओलंपिक खेलों में भारत के प्रतिनिधित्व करने के लिए सोमवार प्रात: नई दिल्ली हवाई अड्डे से रवाना हुए।इस दौरान केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने श्याम सुंदर को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वामी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए देश को पदक दिलाए।संभागीय आयुक्त श्रीमती वंदना सिंघवी ने भी दूरभाष के माध्यम से स्वामी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि करोड़ों देशवासियों की भावनाएं आपके साथ हैं।

स्वामी के कोच अनिल जोशी ने बताया कि श्याम सुंदर सहित भारतीय टीम की रवानगी से पहले भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, महासचिव वीरेंद्र सचदेवा, बांसवाड़ा के संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के पवन, राजस्थान तीरंदाजी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर व जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीश शर्मा ने शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि 28 अगस्त से 5 सितंबर तक पेरिस में पैरा ओलंपिक आयोजित होगा। तीरंदाजी में भारत की तरफ से श्याम सुंदर टीम में प्रतिनिधित्व करेंगे। पैरालंपिक से पूर्व 15 दिन का फ्रांस में कैंप आयोजित किया जाएगा। श्याम सुंदर इससे पहले टोक्यो में आयोजित पैरालंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। साथ ही एशियाई चैंपियनशिप वर्ल्ड चैंपियनशिप और वर्ल्ड रैंकिंग जैसे बडे टूर्नामेंट में भारत को पदक दिलवा चुके हैं।

### परीक्षा आयोजन तिथि में संशोधन की मांग

**बीकानेर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर को पत्र लिखकर शिविरा पंचाग में खेलकूद प्रतियोगिता एवं प्रथम परख परीक्षा का आयोजन एक ही तिथियों में किये जाने एवम एथलेक्टिश प्रतियोगिताएं के साथ साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओ भी एक ही तिथियों में करने के निर्देशों पर पुर्नविचार कर संशोधित तिथि जारी करवाने की मांग की।

हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा शिविरा पंचाग जारी किया गया है उक्त शिविरा पंचाग अनुसार 20 अगस्त से 24 अगस्त तक जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला स्तर पर होना है उक्त आयोजन शिक्षक, शारीरिक शिक्षक, खिलाडी एव विद्यालयों की सामूहिक भागीदारी से पूर्ण होता है क्योंकि उक्त आयोजन का आयोजनकर्ता कोई न कोई विद्यालय होता है तथा खिलाडियों की आवास व्यवस्था भी राजकीय विद्यालयों में ही होती है तथा प्रशिक्षक के रूप में शारीरिक शिक्षक के साथ सफल संचालन हेतु आयोजनकर्ता विद्यालय के शिक्षकों का भी इनमे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष जुड़ाव रहता है।

प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ने बताया कि शिविरा पंचाग अनुसार 21 अगस्त से 23 अगस्त तक प्रथम परख की परीक्षा का आयोजन भी रखा गया है उक्त अवधि में प्रथम परख की परीक्षा में भी विद्याथिर्यों की उपस्थिति अनिवार्य रहती है।

ऐसी स्थिति में एक ही तिथि में दो आयोजन के निदेश जारी होने से विद्यार्थियों में असमंजसता की स्थिति उत्पन्न हो गयी है कि वे परीक्षा देवे या खेलकूद प्रतियोगिता में भागीदारी करें।

# विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए

- एक पेड़ मां के नाम तथा एक व्यक्ति एक पौधा का वितरण किया गया

**बीकानेर, 12 अगस्त।** रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के द्वारा आज कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीतेश व्यास तथा डॉ बाल मुकुंद व्यास के निर्देशन में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम तथा एक व्यक्ति एक पौधा के तहत महाविद्यालय में स्वयंसेवको तथा विद्यार्थियों को विभिन्न पौधे वितरित किए गए तथा साथ ही उनको प्रेरित किया गया कि वे अपने घर तथा आसपास इन पौधों को लगाएंगे तथा साथ ही यह जिम्मेदारी लेकर कि जब तक पौधा वृक्ष नहीं बन जाता तब तक भी इनकी सार संभाल करेंगे!

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनन्त जोशी ने बताया कि आज राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत सभी विद्याथिर्यों तथा स्वयंसेवकों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई और इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि वह अपने आसपास के लोगों समाज तथा महाविद्यालय में नशा नहीं करने के लिए सभी लोगों को प्रेरित करेंगे! इस अवसर पर खालसा विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शशि कला आचार्यएराजकीय विधि महाविद्यालय के डॉ शिव शंकर व्यासए डॉ संग्राम सिंह सोढ़ाए महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ शराफत अली डॉ प्रीति कोचर डॉ पीयूष किराड़ू सुनीता लूणिया अंजुमन उस्ता चेतना ओझा इत्यादि उपस्थित थे!



राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए

### पांच जोड़ों का रजिस्ट्रेशन

**बीकानेर।** माली (सैनी) सामूहिक विवाह संस्थान द्वारा शिव पार्वती मंदिर में भगवान भोले शंकर का रुद्राभिषेक व प्रसादी का आयोजन किया गया। ज्ञात रहे कि पिछले 16 सालों से निरंतर माली (सैनी) सामूहिक विवाह संस्थान द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

इस बार 12 नवंबर को माली सैनी सामूहिक विवाह कार्य्रकम का आयोजन किया जाएगा। आगामी सामुहिक विवाह के कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए माली सैनी सामूहिक विवाह संस्थान व माली समाज बीकानेर के वरिष्ठजनों द्वारा शिव पार्वती मंदिर में महादेवजी का अभिषेक किया गया।

अभिषेक पश्चात एक मीटिंग आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक बंधुओं ने आगामी 12 नवंबर को होने वाले सामूहिक विवाह आयोजन पर विचार व्यक्त किये। संस्थान अधक्ष्क कन्हैयालाल भाटी ने बताया कि आयोजन की शुरुआत के साथ ही 5 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हो गया है।

समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग एवं भामाशाहों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी-अपनी भागीदारी सुनिचित करने का आश्वासन दिया तथा समस्त माली समाज से आव्हान किया कि इस आयोजन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेवें।

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जारी रहे आवश्यक गतिविधियां, हों समुचित मॉनिटरिंग:सिंघवी

**बीकानेर, 12 अगस्त।** संभागीय आयुक्त श्रीमती वंदना सिंघवी ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को आईईसी ,एंटी लार्वल गतिविधियां तथा फॉगिंग आदि सतत रूप से करने के निर्देश दिए हैं।

श्रीमती सिंघवी ने सोमवार को विभिन्न विभागों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि मानसून के दौरान संभाग के विभिन्न शहरों और नगरीय निकायों में जलभराव वाले स्थानों पर मच्छर ना पनपे इसकी रोकथाम के लिए संबंधित विभाग आवश्यक समन्वय करते हुए सघन मॉनिटरिंग करें। आईईसी गतिविधियां जारी रखने के साथ-साथ डोर टू डोर सर्वे करवाया जाए। उन्होंने उल्टी दस्त आदि की रोकथाम के लिए फूड सैंपलिंग बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

बिजली आपूर्ति से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए संभागीय आयुक्त ने कहा कि ढीले तार कसवाने, टूटे पोल बदलवाने और ट्रांसफार्मर बदलवाने की कार्रवाई प्राथमिकता से संपादित करवाई जाए । आमजन को अपने छोटी -छोटी शिकायतों के निस्तारण के लिए अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़े ,यह सुनिश्चित किया जाए। श्रीमती सिंघवी ने कहा कि ऐसे विभाग जहां नियंत्रण कक्ष संचालित है वहां दर्ज शिकायत निस्तारण कार्यवाही का समुचित रिकार्ड संधारित हो। उन्होंने विभागों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों में कार्मिकों की उपस्थिति ,संविदा कार्मिकों की उपस्थिति व जॉब चार्ट ,साफ सफाई आदि भी समुचित रखवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने यहां अनुपयोगी और नाकारा सामान के निस्तारण के संबंध में दिए गए निर्देशों के अनुपालना रिपोर्ट 25 अगस्त तक आवश्यक रूप से भिजवाएं।

संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने बताया कि 14 अगस्त को संभाग के समस्त राजकीय कार्यालयों ,स्कूलों , कॉलेज आदि में तिरंगे की शपथ का कार्यक्रम एक साथ प्रात: 10:30 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने विभागों को इसकी लिए आवश्यक तैयारी करने कहा। सिंघवी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर सभी मुख्य मार्गो, चौराहों पर रोशनी साज सज्जा, के साथ भी रंगोली , बाउंड्री लाइन बनाई जाए।

संभागीय आयुक्त ने संभाग में व्यापक तौर पर चलाए गए पौधारोपण अभियान की समीक्षा की और कहा कि लगाए गए पौधों के सार संभाल भी सुनिश्चित करवाई जाए। वन विभाग ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य के 89 प्रतिशत पौधे रोपित कर दिए गए हैं। शेष कार्य भी शीघ्र पूरा करवा दिया जाएगा। श्रीमती सिंघवी ने कृषि, पशुपालन ,शिक्षा सहित अन्य विभागों से भी अधिक से अधिक पौधारोपण करवाने को कहा।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्राथमिकता को देखते हुए जमीन चिन्हीकरण कार्य प्रस्ताव जल्द से जल्द भिजवाए जाए । अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ओमप्रकाश ने स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यों की जानकारी लेते हुए मच्छर जनित मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियों की रोकथाम के लिए आईईसी गतिविधियां जारी रखने की बात कही।



संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्साविभाग व अन्य विभागों की बैठक ली

### स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन

**बीकानेर।** राजस्थान ताईक्वानडो एसोसिएशन के तत्वावधान में बीकानेर जिला ताइक्वांडो संघ के बैनर तले सीनियर स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन डॉ करणी सिंह स्टेडियम में हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता में बीकानेर 11 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता के चीफ गेस्ट कर्नल हेम सिंह शेखावत थे। राजस्थान सीनियर स्टेट चैंपियनशिप 2024 में पहली बार 11 मेडल के साथ अंक तालिका में बीकानेर तीसरे स्थान पर रहा। बीकानेर जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष डॉ राकेश हर्ष,उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ने खिलाडियों को बधाई दी।

बीकानेर टीम का नेतृत्व कर रहे सचिव राजेंद्र बुडानिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजेश एवं प्रहलाद राड ने गोल्ड मेडल जीता। वंश विजय,अंशुमन शर्मा,कंचन गोदारा,प्रीति चांवरिया,हर्षिता शेखावत ने सिल्वर मेडल और युवराज तेजी,प्रवीण सिंह, विशाल तेजी,चंद्रगिरी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। जिन खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीता।

वे नेशनल सीनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लेंगे और राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 25 जिलों के 250 खिलाड़ियों ने भागीदारी निभाई।

## सार-समाचार

### `बंग्लादेश में नर संहार रोकने के लिए दिया ज्ञापन

**बीकानेर, 12 अगस्त।** भारत के विश्वसनीय पड़ोसी देश बांग्लादेश में लोकत्रांतिक तरीके से चुनी सरकार को कट्टरपंथी ताकतो द्वारा तख्तापलट करने के बाद किसी भी सरकार के अभाव में अराजकता की स्थिति बन गई है और कट्टरपंथियों द्वारा बांग्लादेश में निवास कर रहे सवा करोड़ से ज्यादा हिंदू लगातार कट्टरपंथियों के आक्रमण का शिकार हो रहे है उनके घरों पर लूटपाट की जा रही है, घर जलाए जा रहे है उनके औद्योगिक प्रतिष्ठानों को लूट कर जला दिया है, बहु बेटियों को अपमानित किया जा रहा है, हिन्दू मंदिरों को खंडित कर आग के हवाले कर दिये गए है, ऐसी अराजक स्थिति में बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओ पर व्यापक संकट आ पड़ा है, पुलिस और सेना भी मूक दर्शक बनी हुई है। आर के शर्मा ने बताया कि हिमालय परिवार बीकानेर, ने जिला कलेक्टर के माध्यम से भारत सरकार से ज्ञापन मांग की है कि बांग्लादेश में हो रहे व्यापक स्तर पर हिन्दू नर संहार को रुकवाने के लिए आवश्यक हस्तक्षेप कर उनकी सुरक्षा की चिंता करे। ज्ञापन देने वालों में प्रांतीय उपाध्यक्ष डा. सुषमा बिस्सा, जिला अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, महासचिव आर के शर्मा, संरक्षक बिहारी लाल शर्मा, मनोहर लाल वर्मा, भुवनेश, शिव कुमार वर्मा, सुरेन्द्र सिंह, पार्वती, सरस्वती शर्मा, वीणा यादव, कविता यादव, मीनाक्षी, निकिता, मीनू सोनी शामिल है।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी

**बीकानेर,** 12 अगस्त। आगामी 78वें स्वाधीनता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन हेतु वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन सोमवार को किया गया। बैठक में कुलपति आचार्य दीक्षित ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस एक राष्ट्रीय पर्व है इसका आयोजन गरिमामय एवं सुनियोजित तरीके से होना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारी, अधिकारियों एवं विद्याथिर्यों की उपस्थिति को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कुलपति आचार्य दीक्षित ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को माननीय प्रधानमंत्री के हर घर तिरंगा अभियान को आमजन में प्रेषित करने एवं घर घर तिरंगा फहराने का संदेश दिया। बैठक में विभिन्न कमेटियों का गठन कर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, लाईट डेकोरेशन, परिसर स्वच्छता एवं पौधारोपण कार्यक्रमों हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। इस अवसर पर विद्यार्थी कल्याण न्यास द्वारा 24 एवं 25 अगस्त 2024 को वेटरनरी विश्वविद्यालय जबलपुर में 'पशुचिकित्सा एवं संबंधित विज्ञान की विकसित भारत 2047 बनाने की दिशा में भूमिका और योगदान' विषय पर आयोजित प्रथम राष्ट्रीय वेटरनरी सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया।

### सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का पूजन

**बीकानेर,** भारतीय संस्कृति व सनातन सार्वभोम महासभा श्री दिव्य शिवशक्ति पीठ ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन श्री विप्र महासभा की ओर से 18 अगस्तको धनीनाथ गिरी मठ पंच मंदिर कोटगेट बीकानेर के प्रांगण में सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों के पूजन व अभिषेक का महाअनुष्ठान होगा भारतीय संस्कृति व सनातन जागृति महाअभियान के अन्तर्गत हो रहे पार्थिव शिवलिंगों के महाअनुष्ठान के अन्तर्गत सवा लाख पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण वैदिक मंत्रोचार व अभिषेक के साथ धनीनाथ गिरी मठ पंच मंदिर कोटगेट बीकानेर के प्रांगण में हुवा । पूजन अनुष्ठान के साधक पंडित योगेन्द्र कुमार दाधीच की उपस्थिति में हरिद्वार के स्वामी राघवानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में व ट्रस्टी वाचस्पति जोशी, मोडाराम सोलंकी भवानी शिंह राठौड़ दिनेश गुप्ता शंकर लाल जोशी प्रवीण दाधीच बेदशास्त्री पंडित प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग के निर्माण का अनुष्ठान शुरू हुवा पंडित नारायण शर्मा गणेश शर्मा आदि ने पूजन कराया। श्रावण के अंतिम रविवार 18 अगस्त को धनिनाथ गिरी मठ पंच मंदिर कोटगेट बीकानेर के प्रांगण में पार्थिव शिवलिंगों के सामूहिक पूजन व अभिषेक का महा अनुष्ठान होगा प्रात: सवा दस से पार्थिव शिव लिंगों की प्रतिष्ठा शुरू होकर पूजन व अभिषेक होगा पूजन अनुष्ठान के साधक पंडित योगेन्द्र कुमार दाधीच की अगुवाई में होने वाले अनुष्ठान में पार्थिव शिव लिंगों हेतु कोलायत की पवित्र मिट्टी व हरिद्वार से गंगा जल मँगवाया गया है ।

### कृष्णा बना चैम्पियन

**बीकानेर ।** जिला क्रिकेट संघ बीकानेर के तत्वाधान मे जिलास्तरीय अण्डर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच सादूल कूब क्रिकेट मैदान मे खेला गया जिसमे कृष्णा स्पोर्टस ने सिडाना स्पोर्टस को 4 विकेट से हराकर अण्डर-16 क्रिकेट का चैम्पियन बना । जिला क्रिकेट संघ सचिव रतन सिंह ने बताया कि सिडाना स्पोर्टस पहले खैलते हुऐ 37 ओवर मे 123 रन पर आऊट हो गई जिसमें हमेन्त तेजी ने 34 रन, कुश भादू 21 रन, व उदयवीर गहलोत ने भी 21 रन बनाये कृष्णा स्पोर्टस के गुरुमान सिंह ने शानदार गैदबाजी करते हुए 4 विकेट लिये योगश व अयन ने भी 2-2 विकेट लिये प्रवक्ता शंकर सेवग ने बताया की लक्षय का पीछा करती कृष्णा स्पोर्ट्स ने 29 ओवर मे 6 विकेट पर 124 रन बनया जिसमे शरद सुथार ने 40 रन, पवन कुमार 21 रन, रोबिन जांगल ने 18 रन बनाये सिडाना स्पोर्टस के वाजिद अली ने 4 विकेट व यश व अब्दूल ने एक एक विकेट लिया।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3801 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 12.08.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूजा पत्नी श्री मोहन लाल मदान निवासी बी-41 खालसानगर, श्रीगंगानगर द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवरण | जायज वारिसों का विवरण | दस्तावेज का विवरण |
| चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला सं. 23 में माप 15X35 फीट भूखंड सं. जी-27 श्रीनाथ एन्कलेव | नियमन पट्टा सं. 15727 दिनांक 27.7.2022 को श्री गुरविन्द्र सिंह गिल पुत्र श्री तीर्थ सिंह गिल के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्री गुरविन्द्र सिंह की मृत्यु दिनांक 10.4.2024 को हो चुकी है। | 1. मनदीप कौर - पत्नी 2. परविन्द्र सिंह - पुत्र 3. तनबीर सिंह - पुत्र | श्री गुरविन्द्र सिंह की मृत्यु उपरांत इनके वारिसों द्वारा उक्त भूखंड को श्रीमती पूजा पत्नी श्री मोहन लाल को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 10.4.2024 के द्वारा बेचान कर दिया गया। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती पूजा पत्नी श्री मोहन लाल मदान निवासी बी-41 खालसानगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/488 सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान आवासन मण्डल

**RAJASTHAN HOUSING BOARD**

(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)

( A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)

वृत-बीकानेर, **Circle-Bikaner**

क्रमांक:-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/483 दिनांक :- 8/8/2024

**आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल की सामान्य पंजीकरण योजना -1979 में चालान संख्या 48900 द्वारा राशि रू.3000/- जमा करवाकर श्री सतीश चन्द्र पोपली पुत्र श्री सुख दयाल पोपली ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवटी को आवास सं.4-द-16 पवनपुरी योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 122 वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 12046 दिनांक 16.06.1982 को जारी किया गया था। उक्त आवास मूल आवंटी श्री सतीश चन्द्र पोपली पुत्र श्री सुख दयाल पोपली के नाम मण्डल रिकॉर्ड के अनुसार दिनांक 23.06.1994 कन्वेशडीड/परिपिज्युल को जारी कर दी गई थी। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 23.06.1994 को पंजीकृत हैं।

तत्पश्चात श्री सतीश चन्द्र पोपली पुत्र श्री सुख दयाल पोपली ने उक्त आवास का बैचान बैयनामा के माध्यम से श्री जुगल किशोर राठी पुत्र श्री मोहनलाल एवम् श्रीमति नूतन राठी पत्नि श्री जुगल किशोर राठी को किया गया। उक्त बैयनामा उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 15.10.2008 से पंजीकृत हैं। तत्पश्चात श्री जुगल किशोर राठी पुत्र श्री मोहनलाल एवम् श्रीमति नूतन राठी पत्नि श्री जुगल किशोर राठी ने उक्त आवास का बैचान बैयनामा के माध्यम से श्रीमति निर्मला देवी पत्नि डॉ. रमेश कुमार देदड के नाम किया गया । उक्त बैयनामा उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 02.08.2011 से पंजीकृत हैं।

श्रीमति निर्मला देवी पत्नि डॉ.रमेश कुमार देदड ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में ने अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्रीमति निर्मला देवी पत्नि डॉ.रमेश कुमार देदड का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमति निर्मला देवी पत्नि डॉ.रमेश कुमार देदड का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त बीकानेर

## नशा मुक्त के खिलाफ शपथ दिलाई

**श्रीगंगानगर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा पूरे भारत में एक साथ नशे के खिलाफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम के क्रम में सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में नशे के खिलाफ शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री विक्रम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर वीरेंद्र सिंह चौधरी ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शपथ दिलाई। ऑपरेशन सीमा के सहप्रभारी विक्रम ज्याणी ने युवाओं को नशा मुक्त रहने के लिए शपथ के बारे में बताते हुए कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं। युवाओं की शक्ति समाज एवं देश के विकास के महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए हम सब मिलकर अपने जिले को, अपने राज्य को नशा मुक्त बनाने का दृढ़ निश्चय करें और प्रतिज्ञा लें कि हम अपने देश को नशा मुक्त करने के लिए अपनी क्षमता अनुसार हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस रजत यादव, नगर परिषद् आयुक्त यशपाल आहूजा, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक शर्मा, डीईओ गिरिजेश कांत शर्मा, एडीपीसी हरविंदर सिंह, ओम गोदारा, विद्यार्थी और प्रभारी के रूप में शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे। सभी ने नशामुक्ति की शपथ ग्रहण की ।

# हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए पैदल मार्च निकाला

## राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों सहित आमजन ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, रैली का भगत सिंह चौक से आगाज किया

**श्रीगंगानगर ।** केन्द्र सरकार की ओर से शुरू किये गये आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने एवं नागरिकों को अभियान में जुड़ने के लिये प्रेरित करने हेतु जिला कलक्टर श्री लोकबंधु के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को पैदल तिरंगा रैली का आयोजन लालगढ़ में किया गया। यात्रा के दौरान क्षेत्र में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी विधालयों के विधार्थियों सहित आमजन ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ एवं जिला कलक्टर लोकबंधु ने बतौर मुख्य अतिथि हरी झंडी दिखाकर रैली का भगत सिंह चौक से आगाज किया। विधायक, जिला कलक्टर, लालगढ़ नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और आमजन हाथों में तिरंगा ध्वज लिये हुये रैली के रूप में पैदल अंबेडकर पार्क पहुंचे।



सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ और जिला कलक्टर लोकबंधु के नेतृत्व में निकाली पैदल यात्रा।

मार्ग में समाजसेवी संस्थाओं द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत करते हुए फल, जल वितरित किये गये। पार्क में विधायक बराड़, जिला कलक्टर लोकबंधु एवं अरोड़ा ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माला अर्पण कर श्रद्धांजलि दी एवं हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर किये। कार्यक्रम में विधायक बराड़ ने आमजन से स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में संचालित हो रहे कार्यक्रमों में बढ़-चढ कर भाग लेने का आव्हान किया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती कमलेश कुमारी, सुरेन्द्र कुमार जलंधरा, भगवाना राम मेघवाल, जगदीश नोखववाल, पवन गुरूवा, विनोद खुडिया, नायब तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार मीणा, राजकीय एवं निजी विधालय शिक्षक सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### 12 बेटियां गोद लेकर की मदद

**हनुमानगढ़,** (कासं)। समाज की जागृति,एकता व शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान बावरी समाज विकास संस्था का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह हनुमानगढ़ जंक्शन के गुरू रविदास मंदिर धर्मशाला में हुआ। समारोह की अध्यक्षता संस्था के जिलाध्यक्ष लालचंद धांधल ने की। कार्यक्रम प्रभारी व पूर्व जिलाध्यक्ष हसंराज पंवार ने बताया कि समारोह में बावरी समाज की 125 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। संस्था ने इस बार नवाचार करते हुए कक्षा 10 वीं की पूजा व 12 वीं की सुमन कुमारी बोर्ड की परीक्षा में टॉप रहने पर इन बेटियों को मंच पर अति?थि बनाकर स्थान दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.बलदेव सिंह चौहान ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित किए बिना सफलता की सीढ़ी नहीं चढ़ सकते,इसलिए कोई भी कार्य शुरु करने से पहले आपको अपना लक्ष्य तय करना होगा। उन्होंने एक्केरियम के केन्द्र व मछलियों का उदाहरण देकर अपने लक्ष्य पर हमेशा ध्यान केन्द्ररित रखने वाले का विकास अधिक होता है ये समझाया। लक्ष्य निर्धारित करने के बाद उस पर ईमानदारी से मेहनत करने की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संस्था के संरक्षक पन्नालाल भाटी, सहायक आयुक्त दिल्ली अशोक चौहान, दिल्ली से सेवानिवृत एजीएम रमेश कुमार,हरियाणा से वीर सिंह बावरी,रोडवेज के एमओ कर्म सिंह,प्राध्यापक सुनीता देवी,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लालचंद भाटी,पूर्व जिलाध्यक्ष मास्टर गुरमीत सिंह,श्रीगंगानगर जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह बावरी,संस्था की महिला विंग हनुमानगढ़ की जिलाध्यक्ष सुलोचना बावरी,श्रीगंगानगर की जिलाध्यक्ष व कनिष्ठ अभियंता सरोज पंवार,सहायक अभियंता परमजीत कौर,कनिष्ठ अभियंता विनोद कुमार,कनिष्ठ अभियंता माया राठौड़ ने कहा कि ताकत को समझने व जानने की आवश्यकता संविधान में मिले अधिकारों की ताकत को समझने व जानने की आवश्यकता है और ये तभी जान पाएंगे,जब हम बाबा साहब के बारे में अधिक से अधिक अध्ययन करेंगे।

### अवैध खेती होने लगी

**बज्जू ।** बरसात होने के साथ ही क्षेत्र में चरागाह भूमि पर अवैध काश्त का सिलसिला शुरू हो गया है, जिससे पशुपालक परेशान है। क्षेत्र के गांवों में गोवंश के लिए चरागाह भूमि पर दबंग किसानों ने अवैध काश्त कर बिजान कर दिया है। इससे गोचर पर करंट वाली तारबंदी भी कर दी गई है, जिससे पशुओं के लिए चारा उपलब्ध होना मुश्किल हो गया है और पशुओं को चरने के लि भटकना पड़ रहा है। क्षेत्र में गोचर व सरकारी जमीनों पर कुछ लोग से बेख़ौफ़ काश्त कर रहे है, जिससे निराश्रित पशुधन को निवाले का कोई ठौर नही मिल रहा है। सीमावर्ती क्षेत्र से लेकर बज्जू व बज्जू से कोलायत क्षेत्र तक के सभी गांवों की गोचर व सरकारी जमीन पर बारिश के बाद अवैध खेती करना शुरू कर देते है। प्रशासन की ओर से कार्रवाई नहीं होने से इन लोगों का हौसला बढ़ता जा रहा है। बज्जू उपखंड क्षेत्र के बांगड़सर, आरडी 860, सीमावर्ती क्षेत्र के सभी गांव जहां गोचर जमीन के अलावा लखासर, सिंदुका, डाभली, सूरजड़ा-अग्रेउ रोही में किसानों ने खेतों के आसपास रोही सरकारी व गोचर की जमीन पर बिजाई कर ली है, जिससे गरीब तबके के किसान परेशान है। उन्हें इस मौसम में भी हरा घास उपलब्ध नही हो पा रहा है।

### 11 नमूने पाए गए अमानक

**बीकानेर।** किसानों को उच्च गुणवत्ता के खाद, बीज व कीटनाशी दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा 15 मई से 15 जुलाई तक 'गुण नियंत्रण अभियान' चलाया गया। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी ने बताया कि जिले के कृषि आदान निरीक्षकों द्वारा उर्वरक, बीज व कीटनाशी के कुल 203 नमूने लिए गए। इन्हें परीक्षण के लिए राजकीय परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। इनमें से बीज के 6 तथा उर्वरक के 5 नमूने अमानक पाए गए। बीज उत्पादन कंपनी करन एग्री जेनेटिक प्रा.लि. जूनागढ़, बालाजी एग्रो इण्डिट्रीज सीकर, निजूविदू सीड्स कंपनी, गोकुल सीडटेक जूनागढ, महिको प्रा.लि., धनवान सीड्स, जूनागढ़, गुजरात के बीज नमूने अमानक पाए गए। वहीं बायो-टेक प्राइवेट लिमिटेड, उना, हिमाचल प्रदेश, सोनीपत, हरियाणा, रामा फॉस्फेट लिमिटेड, उदयपुर के उर्वरक नमूने अमानक पाए गए। उन्होंने बताया कि आगामी कार्यवाही करते हुए संबंधित विपणन/निर्माता को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

## नशा मुक्ति भारत अभियान विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**बीकानेर ।** स्थानीय श्री जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट एवं एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वाधान में देश भर में मादक द्रव्यों के सेवन जैसी गंभीर समस्या से निपटने के लिए 'नशा मुक्त भारत अभियान' विशयक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ. अविनाश मानसिक रोग एवं नशा उपचार हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. अविनाश झाझड़िया ने छात्रों को संबोधित करते हुए वर्तमान में समाज में पाँव पसारते नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने का आ ान किया। डॉ. झाझड़िया ने अपने व्याख्यान में विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों उनके सेवन के दुश्प्रभावों व उनसे बचने के उपचारों पर जोर दिया। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के प्रभावी उपायों के रूप में गैर सरकारी संगठनों, युवा विकास केद्रां, छात्र परामर्श केद्रां व सामाजिक संगठनों को संयुक्त रूप से समाज में बढ़ते नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने की पुरजोर अपील की। प्राचार्य डॉ. राजेंद्र चौधरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नशा एक दीमक की भांति हमारे युवा पीढ़ी को खोखला बना रही है। हम सभी को मिलकर युवा पीढ़ी को इससे बचाना है। कार्यक्रम में स्काउट रोवर लीडर डॉ. कृशण कुमार खत्री एवं एन.सी.सी. अधिकारी श्री फरसा राम चौधरी ने नशा मुक्त रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतपाल मेहरा एवं डॉ. भारती सांखला ने नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में डॉ. सुशील कुमार दैया ने व्यावहरिक उदाहरण देकर नशे से हुवे नुकसान के बारे में बताया ।

## काशीविश्वनाथ महादेव का किया अभिषेक

**बीकानेर ।** अमरेश्वर महादेव ट्रस्ट के ज्योतिषाचार्य राकेश हर्ष, दिवाकर हर्ष के द्वारा 51 किलो घृत का अभिषेक किया गया। ज्योतिषाचार्य राकेश हर्ष के दिशानिर्देश में प्रतिदिन की तरह चौथे सावन सोमवार को भी श्रृंगार किया। आर्टिस्ट संजय आचार्य , सहयोगी आदित्य बिस्सा,पवन जोशी, बल्लू जोशी, विजय रंगा दीपक व्यास,कुलदीप पुरोहित, आनंद आचार्य अंकित व्यास मौजूद रहे। श्रावण मास के चोथे सोमवार को काशीविश्वनाथ महादेव मे कनू मण्डल द्वारा 31किलो शहद का अभिषेक किया गया प्रवक्ता अशोक पुरोहित ने बताया कि शहद का अभिषेक करने से परिवार मे धन्य धान्य लक्ष्मी की वृद्धि होती हे अभिषेक कनेहयालाल रंगा के नेतृत्व मे पं लक्ष्मी कान्त छगाणी द्वारा पूजन अभिषेक करवाया गया।

## 'योग जीवन को उच्च आदर्शों पर पहुंचने के लिए देता है प्रेरणा'

**बीकानेर ।** सामाजिक कल्याण को समर्पित अध्यात्मिक विचाराधारा के अंतर्गत संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में आयोजित जयपुर रोड़ स्थिति निरंकारी सत्संग भवन में सत्संग कार्यक्रम के दौरान मानव सेवा में समर्पित राजस्थान प्राकृतिक चिकित्सा गंगाशहर की योगचार्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. वत्सला गुप्ता ने आध्यात्मिक जागृति के इस मिशन में सम्मिलित होकर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि श्री सतगुरू द्वारा प्रदत् ब्रह्मज्ञान मानव को अपने वास्तविक रूप का बोध कराता है, उसी प्रकार योग व प्राकृतिक चिकित्सा अपने जीवन को उच्च आदशी पर पहुंचने के लिए शरीर को मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रखकर समाज को उचित दिशा देने के लिए प्रेरणा देती है। डॉ. गुप्ता ने योग व प्राकृतिक चिकित्सा की संपूर्ण जानकारी देते हुए, पंच तत्वों (पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, आकाश) पर आधारित इस चिकित्सा प्रणाली का विस्तार से व्याख्यान देकर इस पद्धति को जीवन में उतारने को आह्वान किया।

सत्संग कार्यक्रम के दौरान राजस्थान प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र के मंत्री बनवारी लाल शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्बोधन देते हुए कहा कि संत निरंकारी मिशन पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, प्राकृतिक आपदाओं में राहत प्रदान करना, आध्यात्मिक जागृति, समाज कल्याण, वैश्विक भाईचारे का पाठ पढाना आदि सत?संग के माध्यम से एक अनूठा कार्य कर रहा है, उसी भांति राजस्थान का प्रथम प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र, गंगाशहर 73 वषी से लगातार शारीरिक, बौद्धिक व मानसिक स्वस्थता को कायम रखते हुए योग व प्राकृतिक चिकित्सा की अलख जगा रहा है।

केन्द्र का परिचय विस्तार से देते हुए योग भवन में निरन्तर हो रहे नि:शुल्क योग कक्षओं की जानकारी के साथ सत?संग प्रेमियों से शुद्ध विचारधारा के साथ औषधि विहिन चिकित्सा पद्धति से जुडने का मंत्र दिया। कार्यक्रम में संत निरंकारी मिशन के क्षेत्रीय संचालक राधेश्याम शर्मा ने सत्संग के विभिन्न पहलूओं पर उदाहरण देते हुए कहा कि यह मिशन कोई धर्म या संप्रदाय नहीं, बल्कि एक अध्यात्मिक विचारधारा है।

## कलक्ट्रेट बिल्डिंग पर चल रहा रिस्की काम

**बीकानेर।** सरकारी भवनों में होने वाले कार्यों में नियमों की अनदेखी होनी आम बात हो गई है। सुरक्षा को ताक पर रखते हुए कलक्ट्रेट में चल रहे काम को देख कर सामाजिक कार्यकर्ता चौरू लाल सुथार ने बताया कि जिला कलेक्टर, बीकानेर कार्यालय की बिल्डिंग पर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रंग बिरंगी रोशनी लगाने के लिए शायद किसी ठेकेदार को कार्य अलोट किया होगा। बिल्डिंग की ऊपरी मंजिल पर जिला कलेक्टर चैम्बर के ही आगे छाजे पर खड़ा होकर शायद ठेकेदार का ही आदमी लाइट लगाने का कार्य कर रहा है। काम होना ही चाहिए। लेकिन जिस ढंग से आदमी कार्य कर रहा है वह सुरक्षित नहीं है। उसने सेफ्टी बेल्ट नहीं बांध रखा ।

## भाजपा नेताओ ने किया केंद्रीय मंत्री मेघवाल का स्वागत

**बीकानेर ।** भारतीय जनता पार्टी संभाग मुख्यालय में भाजपा देहात जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी व शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अगुवाई में बीकानेर विकास प्राधिकरण बनने पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को बधाई देते हुए सम्मान किया गया। दोनो जिलाध्यक्षो ने इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए बीकानेर भाजपा कार्यकर्ताओं की तरफ से आभार जताया। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संबोधन में कहा पहले कोटा को विकास प्राधिकरण बनाया गया तब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से दिल्ली में मुलाकात पर बीकानेर संभाग मुख्यालय को विकास प्राधिकरण बनाने की बात रखी और बजट घोषणा में मुख्यमंत्री ने हमारी बात का मान रखा और बीडीए की घोषणा की इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इच्छा शक्ति और बीकानेर शहर के दोनो जिलाध्यक्षों, महापौर, विधायक जेठानंद व्यास, सिद्धि कुमारी और सभी जनप्रतिनिधियों के प्रयास से आज बीकानेर को बीडीए की सौगात मिली है इससे बीकानेर के विकास को पंख लगेंगे। इस अवसर पर खाजूवाला विधायक विश्वनाथ मेघवाल, महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, प्रदेश कार्यकारणी सत्यप्रकाश आचार्य, मुमताज अली भाटी, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर महामंत्री मोहन सुराणा, नरेश नायक, श्यामसुंदर चौधरी, श्याम पंचारिया, उपाध्यक्ष हनुमान सिंह चावड़ा, आनंद सिंह भाटी, जितेंद्र राजवी, दीपक पारीक, गोकुल जोशी, सवाई सिंह, मंत्री मनीष सोनी, सांगीलाल गहलोत, कोसल शर्मा, जगदीश सोलंकी, लक्ष्मण मोदी, सुरेश भसीन, हुलास भाटी, मांगीलाल विश्नोई ने आभार जताया।

## भोले का चावल से रुद्राभिषेक

**बीकानेर।** सावन माह के चौथे सोमवार को संसोलाव तालाब स्थित स्थानीय काशी विश्वनाथ महादेव मन्दिर में चावल से रुद्राभिषेक किया गया। आपको बता दें कि मन्दिर में पूरे श्रावण मास रुद्राभिषेक चल रहा है जिसमें शिव प्रिय प्रमुख वार सोमवार को अलग-अलग द्रव्यों से विशिष्टि रुद्राभिषेक किया जा रहा है। पहले सोमवार दूध से, द्वितीय सोमवार दही से, तृतीय सोमवार घी से रुद्राभिषेक किया गया। पांचवें सोमवार को चीनी से रुद्राभिषेक किया जायेगा। विशिष्ट रुद्राभिषेक चांद महाराज, श्याम पहलवान एवं हर्षा महाराज के आचार्यत्व में मुख्य पुजारी मुन्ना महाराज, पार्षद दुलीचन्द सेवग, मनोहर एवं आयुष सोनी के सानिध्य में चल रहा है।

## तीन हजार से अधिक स्कूली विद्यार्थियों को तिरंगा दिया

**बीकानेर,** 12 अगस्त। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सोमवार को बाफना स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विधि एवं कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल थे। मेघवाल ने शाला परिसर में ध्वजारारोहण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की और राष्ट्र ध्वज के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर केंद्रीय कानून मंत्री ने 3 हजार से अधिक विद्यार्थियों के साथ तिरंगा लहरा कर राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रबल किया।

मेघवाल ने कहा कि देश को आजादी दिलाने के असंख्य देशभक्तों ने अपना सर्वस्व बलिदान किया। ऐसे देशभक्तों के प्रति प्रत्येक भारतीय को कृतज्ञ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराएं। उन्होंने कहा की 'हर घर तिरंगा' देशभक्ति से ओतप्रोत अभियान है। इस अवसर पर सभी विद्याथिर्यों को तिरंगा दिया गया।

कार्यक्रम में नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष महावीर रांका, पवन मेहनोत और रमेश भाटी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। स्कूल के सीईओ और प्रिंसिपल डॉ. पीएस वोहरा ने केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल और सभी अतिथियों का आभार जताया।

तिरंगा फहराने का किया आव्हान

बीकानेर, 12 अगस्त। 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पूरे भारत में हर घर तिरंगा अभियान मनाया जायेगा। इसके मद्देनजर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल यश राठौड़ ने बीकानेर जिले में रहने वाले सभी भूतपूर्व सैनिकों से इस अभियान में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने हेतु आ ान किया है। उन्होंने बताया कि सभी भूतपूर्व सैनिक 13 से 15 अगस्त तक अपने अपने घरों में तिरंगा फहराएं।

## ट्रांसफार्मर के अभाव में नहीं हुआ शुरू जीएसएस

**श्रीडूंगरगढ़ ।** सरकार की ओर से भले ही किसानों को पर्याप्त बिजली देने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर अधिकारी इन दावों को पलीता लगाते नजर आ रहे हैं और ग्रामीणों को विद्युत समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के बिग्गा गांव में जीएसएस बनकर तैयार हो गया है, लेकिन विभाग की उदासीनता के चलते जीएसएस पर ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। इसके चलते जीएसएस का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी शुरू नही हो पाया है और ग्रामीणों को विद्युत समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों की माने तो करीब दो माह पहले ही जीएसएस का निर्माण पूर्ण हो गया था, लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर स्थापित नहीं किया है।

जानकारी के अनुसार गांव बिग्गा के घरों व कृषि कुओं पर सातलेरा के 33 केवी जीएसएस से विद्युत आपूर्ति होती है। सातलेरा जीएसएस पर लोड बढ़ने के कारण बिग्गा के ग्रामीणों को ट्रिपिंग व कम वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ता था। ग्रामीणों की मांग पर गत कांग्रेस सरकार ने करीब दो वर्ष पहले बिग्गा गांव के लिए 33 केवी जीएसएस स्वीकृत किया था। करीब दो माह पहले यह नया जीएसएस बनकर तैयार भी हो गया। तब ग्रामीणों को उम्मीद थी कि उन्हें अब पर्याप्त बिजली मिलेगी, लेकिन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते जीएसएस पर ट्रांसफार्मर स्थापित नहीं किया गया है और समस्या जस की तस बनी हुई है। बिग्गा गांव में अभी भी सातलेरा जीएसएस से ही विद्युत आपूर्ति हो रही है। जानकारी अनुसार नए जीएसएस के चार फीडर होंगे। इसमें तीन कृषि व एक फीडर घरेलू क्षेत्र के लिए है। बिग्गा गांव में करीब 100 कृषि कुएं और 2 हजार घर है। जीएसएस चालू नहीं होने के कारण सातलेरा जीएसएस से बिग्गा गांव को विद्युत सप्लाई मिल रही है, लेकिन इस जीएसएस से बिग्गा के अलावा सातलेरा गांव सहित औद्योगिक क्षेत्र और करीब 300 कृषि कुओं पर भी विद्युत आपूर्ति होती है, जिससे सातलेरा जीएसएस पर लोड बढ़ जाता है। लोड के कारण किसानों को ट्रिपिंग, अघोषित कटौती व कम वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण संतोष ओझा ने बताया कि बिजली समस्या के कारण मूंगफली की फसल प्रभावित हो रही है और घरों में भी पर्याप्त बिजली नही मिल रही है। यदि शीघ्र ही जीएसएस शुरू नहीं किया गया, तो किसानों को नुकसान होगा। बिग्गा में दो माह से जीएसएस बनकर तैयार है। विष्णु मैथी, अधिशासी अभियंता, विद्युत निगम ने कहा कि नए ट्रांसफार्मर आए थे, लेकिन क्षेत्र में बारिश के कारण इस बार अधिक संख्या में ट्रांसफार्मर जल गए। जले ट्रांसफार्मर भी बदलने पड़े। अब नए ट्रांसफार्मर आते ही शीघ्र ही बिग्गा गांव के जीएसएस पर ट्रांसफार्मर स्थापित कर जीएसएस को शुरू कर दिया जाएगा।

## हर विभाग को नियुक्त करने होंगे नोडल अधिकारी

**बीकानेर,** 12 अगस्त। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) डॉ. दुलीचंद मीना ने कहा कि बजट घोषणाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक विभागों द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी द्वारा बजट घोषणाओं के कार्यों में हुई प्रगति, क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं सहित इससे संबंधित कार्यवाही से अवगत करवाया जाएगा।

बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं से संबंधित कार्य किसी भी स्तर पर लंबित न रहे, अधिकारियों द्वारा इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बजट घोषणा संबंधित जानकारी व वास्तविक स्थिति जानने के लिए सक्षम स्तर पर फॉलोअप करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने अभिलेखागार में मौजूद हिस्टोरिकल स्क्रिप्ट्स का चरणबद्ध रूप से डिजिटाइजेशन, पब्लिक गैलरी, मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट, ग्राम पंचायत स्तर पर ओपन जिम व खेल मैदान आदि का निर्माण कार्यों सहित अन्य घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि बजट घोषणाओं के स्वीकृत कार्यों के लिए नियामानुसार भूमि आवंटन व डीपीआर सक्षम स्तर पर भिजवाए जाए।

## बीकानेर में चांदमल बाग वाले पंपिंग प्लांट के पास गन्दे पानी की वजह से पलायन

### शुद्ध पानी की बाडिया जिसमें विभिन्न प्रकार की सब्जियां उगाई जाती है वह पूरी तरह से डूब चुकी है लोगों के आजीविका का साधन खत्म हो गया है



गंगाशहर के चांदमल बाग के आसपास फैला गन्दा पानी ।

बीकानेर। सलामनाथ जी धोरे के आगे से चांदमल बाग वाले पंपिंग प्लांट के पास तक का रास्ता बिल्कुल बंद हो चुका है। भागीरथ नंदिनी संस्था के अध्यक्ष मिलन गहलोत ने बताया कि सलाम नाथ धोरे के आसपास बनी हुई । शुद्ध पानी की बाडिया जिसमें विभिन्न प्रकार की सब्जियां उगाई जाती है वह पूरी तरह से डूब चुकी है लोगों के आजीविका का साधन खत्म हो गया है और प्रशासन का कोई भी ध्यान इस तरफ नहीं है बीकानेर जिला कलेक्टर इस क्षेत्र का दौरा कर चुकी है उसके बावजूद यह हालत है यह करीब आधा किलोमीटर बाय आधा किलोमीटर में गंदा पानी फैला हुआ है जब से पहली बरसात आई है तभी से यही हाल है लोगों के घर डूब गए हैं लोगों को घर छोड़कर दूसरी जगह जाना पड़ा है रोजगार का साधन खत्म हो गया सलाम नाथ धोरे के आगे से भाटी मौहोला हरिजन मोहल्ला भीना सर तक जोड़ने वाला रास्ता पूरी तरह से बंद है गंगाशहर नगर निगम ऑफिस में अधिकारियों कर्मचारियों को सूचना दे दी है फिर भी किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं हो रहा है अगर 5 दिन के अंदर यह पानी पंपिंग करके लोगों की बाड़ीयो व घरों से पानी नहीं निकला तो जिला कलेक्टर के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे ।

## गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर व्याख्यान

**बीकानेर।** प्रज्ञालय संस्थान द्वारा हिन्दी साहित्य के महान् कवि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन सदन में रखा गया।

प्रज्ञालय संस्थान के कार्यक्रम प्रभारी कवि गिरिराज पारीक ने बताया की व्याख्यान विषय 'गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरितमानस की प्रासंगिकता' पर अपने विचार रखते हुए वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास रचित ग्रंथ भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण काव्य है, जिसकी प्रासंगिकता आज के दौर में और अधिक है और आने वाले कल भी रहेगी, क्योंकि गोस्वामी तुलसीदास ने इस काव्य के माध्यम से मानव जीवन के सभी उज्ज्वल पक्षों को खोलकर रखा है। वहीं भारतीय जीवन शैली और जीवन मूल्यों को जिस रूप में राम को केन्द्र में रखकर स्थापित किया है, वो आज नहीं हमेशा अपनी प्रासंगिकता को बनाए रखेंगे। व्याख्यान उपरांत व्याख्यान के संदर्भ में सहभागियों ने अपनी जिज्ञासा रखते हुए कुछ बुनियादी सवाल रखे। जिनमें प्रमुख रूप से शिक्षाविद् भवानी सिंह, संजय सांखला, कवि गंगाबिशन बिश्नोई, नवनीत व्यास, सुनील व्यास के साथ-साथ कई छात्र/छात्राओं अदिति ओझा, आनंदी ओझा, भारत सारस्वत, केशव छंगाणी आदि थे । रंगा ने सवालों के जवाब देते हुए बताया कि रामचरितमानस में 1073 दोहे है जो सात काण्ड में विभाजित है।

